भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †5144
सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**तमिलनाडु में प्रसाद योजना की स्थिति**

**†5144. श्री पी. रविन्द्रनाथः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु सहित सम्पूर्ण देश में राजस्व सृजन घटक युक्त चिह्नित किए गए तीर्थ महत्व के और विरासत स्थलों के विकास के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजना 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान' - प्रसाद के कार्यान्वन की स्थिति क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

पर्यटन के विकास की जिम्मेदारी मुख्यत संबंधित राज्य सरकार (एसजी)/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन (यूटीए) की है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी योजना अर्थात तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) के अंतर्गत देश भर में पहले से चिन्हित गंतव्यों पर तीर्थ संबंधी पर्यटन अवसंरचना के निर्माण के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उपरोक्त योजना के अंतर्गत प्रस्तावों की प्रस्तुति तथा परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत् प्रक्रिया है जो संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्राप्ति, योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, वर्तमान में जारी परियोजनाओं के निष्पादन और पूर्व में जारी निधियों के उपयोग आदि के अध्याधीन है। उपरोक्त के आधार पर प्रशाद योजना के तहत तमिलनाडु राज्य में 2 परियोजनाओं सहित 25 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में तीर्थस्थलों को कवर करते हुए 1586.10 लाख रु. की लागत से कुल 45 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

तमिलनाडु में प्रसाद योजना की स्थिति के सम्बन्ध में दिनांक 03.04.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 5144 के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के प्रारंभ से अबतक इसके अंतर्गत आवंटित, संवितरित और व्यय की गई निधियों का विवरण:-

| | | | **करोड़ रु. में** | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **परियोजना की संख्या** | **परियोजना का नाम** | **आवंटित राशि** | **संवितरित राशि** | **व्यय की गई राशि** |
| **आंध्र प्रदेश** | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास | 27.77 | 27.77 | 27.77 |
| | 2. | श्रीसैलम मंदिर का विकास | 43.08 | 43.08 | 43.08 |
| | 3. | विशाखापत्तनम के सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ संबंधी सुविधाओं का विकास | 54.04 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 14.12.2022 | 0.00 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | 4. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 37.88 | 7.34 | 7.32 |
| **असम** | 5. | गुवाहाटी में और इसके आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास | 29.80 | 29.80 | 29.80 |
| **बिहार** | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 4.27 | 2.91 | 2.91 |
| | 7. | पटना साहिब का विकास | 41.54 | 33.23 | 31.47 |
| **छत्तीसगढ़** | 8. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डूंगरगढ़ का विकास | 43.33 | 24.33 | 14.65 |
| **गुजरात** | 9. | द्वारका का विकास | 13.08 | 10.46 | 10.46 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाएं | 45.36 | 45.36 | 45.36 |
| | 11. | सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास | 47.12 | 47.12 | 47.12 |
| | 12. | सोमनाथ में क्यू मैनेजमैंट सहित तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 49.97 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 10.03.22 | 0.00 |
| | 13. | बनासकंठा, गुजरात के अम्बाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 50.00 | 10.54 | 0.00 |
| **हरियाणा** | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी | 49.52 | 28.77 | 28.77 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मंदिर का विकास | | | |
| **जम्मू एवं कश्मीर** | 15. | हजरतबल, श्रीनगर में विकास | 40.46 | 32.37 | 32.04 |
| **झारखंड** | 16. | वैद्यनाथजी धामदेवघर का , विकास | 39.13 | 31.23 | 30.17 |
| **केरल** | 17. | गुरुवायूर मंदिर का विकास | 45.19 | 45.19 | 45.19 |
| **मध्य प्रदेश** | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 43.93 | 43.93 | 38.27 |
| | 19. | अमरकंटक का विकास | 49.99 | 4.86 | 4.86 |
| **महाराष्ट्र** | 20. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 52.92 | 27.67 | 22.05 |
| **मेघालय** | 21. | मेघालय में तीर्थ यात्रा की सुविधाओं का विकास | 29.32 | 17.59 | 16.19 |
| **मिज़ोरम** | 22. | मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 44.88 | दिनांक 14.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन | 0.00 |
| **नागालैंड** | 23. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 25.26 | 21.33 | 16.98 |
| | 24. | जुन्हेबोटो, में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 18.18 | दिनांक 4.11.22 को प्रशासनिक अनुमोदन | 0.00 |
| **ओडिशा** | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची नदी तट पर अवसंरचना विकास## | 50.00 | 10.00 | 6.93 |
| **पंजाब** | 26. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 6.40 | 6.40 | 6.40 |
| | 27. | रोपड़ में चमकौर साहिब का विकास | 31.57 | 7.26 | 0.00 |
| **राजस्थान** | 28. | पुष्कर / अजमेर का एकीकृत विकास | 32.64 | 26.11 | 26.11 |
| **सिक्किम** | 29. | में फोर पेट्रन सेंट्स, युकसोम में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 33.32 | 18.50 | 18.21 |
| **तमिलनाडु** | 30. | कांचीपुरम का विकास | 13.99 | 13.99 | 13.99 |
| | 31. | वेलंकनी का विकास | 4.86 | 4.86 | 4.86 |
| **तेलंगाना** | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 36.73 | 13.76 | 8.96 |
| | 33. | भद्राचलम, भादाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थ अवसंरचना का | 41.38 | दिनांक 22.12.22 को | 0.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | प्रशासनिक अनुमोदन | |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत संबंधी पर्यटन अवसंरचना का विकास | 62.00 | दिनांक 22.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन | 0.00 |
| **त्रिपुरा** | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 37.80 | 21.18 | 17.64 |
| **उत्तराखंड** | 36. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 34.77 | 34.77 | 34.77 |
| | 37. | बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 56.13 | 20.79 | 19.15 |
| | 38. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 54.36 | 14.06 | 7.48 |
| **उत्तर प्रदेश** | 39. | मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास (चरण II) | 10.98 | 10.98 | 10.98 |
| | 40. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सूचना केन्द्र का निर्माण | 9.36 | 9.36 | 9.36 |
| | 41. | वाराणसी का विकास- चरण -I | 20.40 | 16.32 | 16.32 |
| | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | 9.02 | 9.02 | 9.02 |
| | 43. | प्रशाद योजना के अंतर्गत वाराणसी का विकास - चरण II | 44.60 | 31.77 | 31.77 |
| | 44. | गोवर्धन, मथुरा, में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 39.74 | 30.97 | 28.31 |
| **पश्चिम बंगाल** | 45. | बेलूर का विकास | 30.03 | 23.39 | 22.83 |
| | | **कुल** | **1586.10** | **858.37** | **787.55** |

## निष्पादित कार्यों की सीमा तक परियोजना का निष्पादन पूर्ण घोषित।

*******